# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण




गंगरार। पुलिस थाना परिसर में पुलिस स्टाफ द्वारा पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। 25 पौधे लगाये गये। कृषि विज्ञान विभाग के प्रोफेसर रणधीर सिंह राणा ने पौधरोपण के तरीके बताये। संयुक्त कुल सचिव एल.एस. रावत, डायरेक्टर एकेडमिक्स डी.के. शर्मा, डिप्टी डीन अभियान्त्रिकी कपिल नाहर, प्राचार्य शिक्षा विभाग डॉ. अरूणा दुबे, कार्यक्रम के संयोजक जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गारू, डॉ. सतीष कुमार आमेटा, डॉ. अंकिता माथुर, एनसीसी ऑफिसर ताबिष अली खान, षिव कुमार, राकेष झंवर, प्रदीप सिंह, पंकज कुमार तेली, मनीष भट्ट, मंजू चाष्टा, विमला प्रजापत आदि मौजद रहे।

Dainik Navajyoti 06-06-2022

# विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



गंगरार, 5 जून (जसं.)। पृथ्वी के बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में केसिया सामिया, केसिया नोडूसा, मोलश्री सहित विभिन्न प्रकार के 25 पौधे लगाये गये। यह सभी पौधे औषधीय और पर्यावरण अनुकूल होते हैं और विशेष रूप से वहां पर लगाये जाते है जहां पानी का स्तर बहुत नीचे होता है। यह पौधे रेगिस्तान में हरियाली के लिये भी सहायक होते है। इसके अलावा यह सभी पौधे आभूषण, पुष्प, औषधि और खाद्य पदार्थों आदि के लिये प्रयोग में लाये जाते है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान विभाग के प्रोफेसर रणधीर सिंह राणा ने पौधारोपण के तरीके बताये। इस अवसर पर संयुक्त कुल सचिव एलएस रावत, डायरेक्टर एकेडमिक्स डीके शर्मा, प्रो. रणधीर सिंह राणा, डिप्टी डीन अभियांत्रिकी कपिल नाहर, प्राचार्य शिक्षा विभाग डॉ. अरूणा दुबे, जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गारू, डॉ. सतीश कुमार आमेटा आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

Jannayak 06-06-2022